<u>प्रसार भारती</u>

<u>भारतीय प्रसारण निगम</u>

<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>30.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे</u>

<u>''आज के मुख्य समाचार''</u>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति आयोग में प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक आज।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आईजीएमसी प्रकरण की पुनः जांच के दिए निर्देश।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में।
- कृषि–बागवानी को प्रोत्साहन देने के प्रदेश सरकार के प्रयास ला रहे रंग–मंडी के बागवान ने ड्रैगन फ्रूट की सफल खेती कर कायम की मिसाल।

<u>नीति आयोग</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नीति आयोग में प्रमुख अर्थशास्त्रियों और विषय के जानकारों के साथ बैठक करेंगे। यह चर्चा सरकार द्वारा महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णयों से पहले किए जा रहे परामर्शों का हिस्सा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी इस बैठक में शामिल होंगी। इस दौरान कई आर्थिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होने की आशा है। यह बैठक विशेषज्ञों के लिए देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति और भविष्य की प्राथमिकताओं पर अपने विचार और आकलन साझा करने का मंच प्रदान करेगी।

मोदी आगामी केंद्रीय बजट पर अर्थशास्त्रियों के सुझाव और दृष्टिकोण जानेंगे। इस दौरान विकास को गति देने, व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने तथा उभरती चुनौतियों का समाधान करने के लिए और सुधारों की आवश्यकता पर भी बातचीत होने की उम्मीद है। घरेलू और वैश्विक आर्थिक परिदृश्य भी इस बैठक का एक प्रमुख विषय रहेगा। इस तरह के परामर्श सरकार की बजट–पूर्व प्रक्रिया का एक नियमित हिस्सा हैं। इसका उद्देश्य नीतिगत निर्णयों को अंतिम रूप देने से पहले विभिन्न प्रकार के सुझावों को शामिल करना है। नीति आयोग में होने वाली यह चर्चा सरकार को आर्थिक नियोजन के अगले चरण की तैयारी में काफी सहायता

<u>आईजीएमसी प्रकरण</u>

मुख्यमंत्री सुखविंद सुक्खू ने आईजीएमसी प्रकरण की नए सिरे से जांच करने के निर्देश दिए हैं। कल देर सायं शिमला में स्वास्थ्य विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने जांच के लिए नई समिति गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार चिकित्सकों और अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, लेकिन मरीजों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में नैतिकता को बनाए रखने के लिए चिकित्सकों के लिए अनिवार्य ह्यूमन बिहेवियर और मैन–मैनेजमेंट कोर्स शुरू करने का निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार चिकित्सकों द्वारा मरीजों के साथ किए जाने वाले अच्छे व्यवहार के आधार पर उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में अंक शामिल करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि कोई मरीज या तीमारदार चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार करता है तो चिकित्सकों को इसकी सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारियों को देनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भर रही है ताकि स्वास्थ्य कर्मी बिना किसी मानसिक दबाव के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, स्वास्थ्य सचिव संदीप कदम, चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. राकेश शर्मा, स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. गोपाल बेरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

<u>कुल्लू राफ्टिंग</u>

कुल्लू में कल राफ्टिंग के दौरान राफ्ट में फंसे पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस रवीश ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और रेस्कयू टीम मौके पर पहुंच गई और त्वरित कार्यवाही करते हुए सभी पर्यटकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समाझौता बर्दाशत नहीं किया जाएगां भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने वालें ऑपरेटरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

<u>ट्राई</u>

भारतीय दूरसंचान विनियामक प्राधिकरण ट्राई द्वारा आज कांगड़ा में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें शिकायत निवारण और साइबर स्वच्छता के संबंध में विभिन्न पहलों को लेकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में दूरसंचार सेवा प्रदाता और ट्राई के साथ पंजीकृत उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधियों सहित अन्य लोग भाग लेंगे।

<u>मंत्रिमंडल बैठक</u>

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक सुबह 11 बजे शुरू होगी। सूत्रों के अनुसार बैठक में विभिन्न विभागों में भर्तियों के अलावा विभिन्न योजनओं की स्वीकृति पर मोहर लगने की संभावना है। बैठक में रियल एस्टेट के नियमो में संशोधन कर नई दरों को मंजूरी प्रदान की जा सकती है। साथ ही लीज रूल 2013 में संशोधन और घुमारवीं में डिजिटल यूनिवर्सिटी को खोलने बारे भी मंत्रिमंडल की बैठक में कोई फैसला लिया जा सकता है। विभिन्न विभागों की ओर से कैबिनेट बैठक के लिए प्रस्ताव भेज दिए गए हैं।

ड्रैगन फ्रूट

कृषि–बागवानी को प्रोत्साहन देने के प्रदेश सरकार के प्रयास रंग ला रहे हैं। जिला मंडी के सरकाघाट उपमण्डल के ठौर गांव ग्राम पंचायत जुकैण निवासी प्रेमचंद ने पारंपरिक खेती से हटकर ड्रैगन फ्रूट की सफल खेती कर क्षेत्र के किसानों के लिए एक नई मिसाल कायम की है।

बागवान प्रेम चंद

प्रदेश सरकार द्वारा बागवानी को प्रोत्साहन देने के तहत उद्यान विभाग की मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर योजना के अंतर्गत अढ़ाई बीघा भूमि पर ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए उन्हें 62 हजार रुपये की सब्सिडी स्वीकृत की गई है।

कुलदीप सिंह पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानीया ने कल शिमला विंटर कार्निवाल की सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिमला विंटर कार्निवाल तीन सालों से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा आज दुनिया के हर कोने में शिमला विंटर कार्निवाल को देखने आ रहे हैं। इस वजह से टूरिस्ट का आकर्षण हिमाचल के प्रति और बढ़ना शुरू हुआ है। पठानिया ने कहा नव वर्ष के अवसर पर टूरिस्ट सीजन पीक पर होता है। ऐसे में अधिक से अधिक टूरिस्ट सीजन को कैसे बढ़ाया जाए उस कड़ी में इस तरह के उत्सव बड़ी भूमिका निभाते है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल प्रदेश को समृद्ध राज्य बनने की दिशा में बढ़ रही है। उन्होंने सभी लोगों को नववर्ष की बधाई भी दी।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और राज्य शत–प्रतिशत साक्षर बन गया है। उन्होंने कल कुल्लू ज़िले के राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अरसू के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। रोहित ठाकुर ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में हासिल इस उपलब्धि का श्रेय प्रदेश में अब तक रही सभी सरकारों के प्रयासों को जाता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इस समय कॉलेजों की संख्या एक सौ 33 है और विद्यार्थियों को घर–द्वार के समीप उच्च शिक्षा के अवसर दिए जा रहे हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज 30 दिसंबर से लेकर 2 जनवरी तक प्रदेश पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

आज समाचार पत्रों ने आईजीएमसी प्रकरण से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। आज अमर उजाला की सुर्खी है—काम पर लौटे डॉक्टर। आईजीएमसी प्रकरण की नए सिरे से होगी जांच—मुख्यमंत्री सुक्खू ने दिए जांच के लिए नई कमेटी बनाने के निर्देश। दिव्य हिमाचल के शब्द है—डॉक्टर टर्मिनेशन पर नई कमेटी बनाएगी सरकार। पंजाब केसरी सीएम सुक्खू के हवाले से लिखता है—डाक्टरों के लिए ह्यूमन बिहेवियर और मैन—मैनेजमैंट कोर्स अनिवार्य होगा। दैनिक जागरण का शीर्षक है—चिकित्सकों के लिए अनिवार्य होगा मानव व्यवहार व भीड़ प्रबंधन कोर्स।

शहर बसाने पर गांवो की ब्रेक, जाठिया देवी में माउंटेन सिटी पर संकट, 9 गांव विरोध में, लोग बोले; खेती—मकान सब जा रहा, हम कैसे जीएंगे।

अमर उजाला ने हाईकोर्ट के हवाले से खबर को सुर्खी दी है— चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को 60 वर्ष की आयु तक सेवा का अधिकार।

अटल की योजनाओं से समृद्व हुआ प्रदेश—दिव्य हिमाचल की एक खबर। मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है—पहाड़ों पर डब्ल्यूडी एक्टिव—नए साल पर मिल सकता है स्नो फॉल का गिफ्ट

---